>

Title: Need to establish a Container Depot and Multi Modal Logistic Park at Marwar junction in Pali Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी डी.एफ.सी. परियोजना अन्तर्गत मेरे ससंदीय क्षेत्र पाली के मारवाड़ जंक्शन पर कन्टेनर डिपो व मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क स्थापित करने की अपार सम्भावनाए है, जो बिना भूमि आवप्त किये यहाँ की हजारों एकड़ उपलब्ध सरकारी भूमि पर बनाया जा सकता है । उक्त स्टेशन से दिल्ली-अहमदाबाद-मुम्बई जाने वाले एन.एच-162 मात्र 10 किमी दूर है । इससे पाली, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, नागौर, बाड़मेर जिलों के खनिज, पी.ओ.एल., उर्वरक, नमक, कोयला, लोहा, स्टील और खाद्यान्न के ट्रांसपोर्ट के साथ जोधपुर से प्रतिवर्ष 5000 करोड़ रूपये के निर्यात होने वाले हैण्डीक्राफ्ट व दर्जनों सीमेन्ट फेक्ट्रियों को भी फायदा मिल सकेगा ।